भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1544
जिसका उत्तर 15 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है ।

दामोदरम संजीवैय्या ताप विद्युत स्टेशन

1544. श्री मारगनी भरत:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दामोदरम संजीवैय्या ताप विद्युत संयंत्र के 800 मेगावाट के चरण-दो का परीक्षण इस वर्ष अक्तूबर में किया जाना था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या परीक्षण पूरा हो गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजना के द्वारा उत्पादन कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और

(घ) परियोजना की जून, 2019 की मूल तिथि को चालू करने में विलंब के कारण परियोजना की लागत में वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : दामोदरम संजीवैय्या ताप विद्युत संयंत्र चरण-II-1x800 मेगावाट में, अगस्त, 2022 में आंशिक भार परीक्षण प्रचालन शुरू किया गया था। यह यूनिट आंशिक भार स्थिरीकरण की प्रक्रिया में है और सुरक्षा वाल्व संबंधी फ्लोटिंग परीक्षण प्रगति पर है। इस यूनिट ने दिनांक 02.11.2022 को 643 मेगावाट तक का भार हासिल कर लिया है।

(ख) : परीक्षण पूरा नहीं हुआ है। सुरक्षा वॉल्व संबंधी फ्लोटिंग परीक्षण पूरा होने के बाद, यूनिट को 800 मेगावाट का पूर्ण भार स्थिरीकरण पूरा करना है, जिसके दिनांक 20.12.2022 तक पूरा होने की आशा है। इसके बाद, यूनिट परीक्षण प्रचालन दिसंबर, 2022 के तीसरे सप्ताह में अस्थायी रूप से शुरू होंगे।

(ग) : इस परियोजना से विद्युत उत्पादन दिसंबर, 2022 के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है।

(घ) : जून, 2019 की परियोजना की मूल तिथि को प्रारंभ करने में विलंब के कारण परियोजना के लागत आधिक्य के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

क्रम सं.	**निर्माण के दौरान ब्याज**	**लागत (करोड़ रुपये)**
1	नवंबर, 2022 तक किए गए निर्माण के दौरान ब्याज (आईडीसी)	3,155.94
2	मूल परियोजना पूर्णता तक आईडीसी (जून-2019)	996.66
	प्रारंभ करने में विलंब के कारण लागत आधिक्य	**2,159.28**

****